Need for an enquiry into misappropriation of CAMPA fund in Odisha- Laid

श्री प्रदीप पुरोहित (बारगढ़) : मैं सरकार के ध्यान में ओडिशा में पिछली सरकार में Campa फंड के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का मुद्दा लाना चाहता हूँ । यह फंड जंगल कटाई की भरपाई के लिए वृक्षारोपण, वन्यजीव संरक्षण,गांवों के पुनर्वास, और पर्यावरण संतुलन के लिएआवंटित किया गया था । लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ वन अधिकारी की गिरफ्तारी ने साफ कर दिया है कि इस धन का बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया । करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जंगलों की स्थिति ज्यों की त्यों है । यह न सिर्फ पर्यावरण के साथ धोखा है, बल्कि जनभावनाओं और कानून दोनों के साथ विश्वासघात भी है । मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस पूरे घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को सख्त सज़ा दी जाए । इसके साथ ही, CAMPA फंड के उपयोग को पारदर्शी और जनभागीदारी आधारित बनाया जाए । हर जिले में इस फंड से ठोस कार्य जैसे वृक्षारोपण,जंगलों की सुरक्षा,मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन, पर्यावरण-अनुकूल उपकरणों का वितरण और स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षण जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए । यह केवल ओडिशा की हरियाली नहीं,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन का भी सवाल है । पिछली सरकार में इस फण्ड को डाइवर्ट करके अन्य जगह लगाने पर जांच होनी चाहिए I